ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

अधिसूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों/निदेशकों/अंगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्यो/विश्वविद्यालय एवं इसके अनुशांगिक विभाग के पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि प्रायः ऐसा पाया गया है कि शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा आवेदन देने के उपरान्त बिना स्वीकृत प्राप्त किये लम्बी अवधि के लिए अवकाश पर चले जाते हैं। बाद में ऐसे अवकाश के कारण भुगतान में बाधा उत्पन्न होती है, और मामले माननीय न्यायालयों तक चले जाते है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशित किया जाता है, कि अवकाशों हेतु शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सक्षम प्राधिकार से अवकाश की स्वीकृति/अस्वीकृति संबंधित प्रत्युत्तर आवेदक को ससमय उपलब्ध करायी जाय। जिससे कि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था कायम रहें।

तात्कालिक प्रभाव से इस आदेश का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से

ह0/-

(डॉ0 अजय कुमार पंडित)

कुलसचिव

ज्ञापांक C/DR-II/9981-10085/24 **दिनांक** 08/05/2024

प्रतिलिपि प्रेषितः—

1. **विभागाध्यक्ष, सभी स्नातकोत्तर विभाग,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **निदेशक, सभी स्ववित्त पोषित संस्थान,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
3. **प्रधानाचार्य**, सभी अंगीभूत महाविद्यालय, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
4. **सभी पदाधिकारी,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
5. **प्रभारी आई0टी0 सेल,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को इस अनुरोध के साथ कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करें ;
6. **कुलपति के निजी सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
7. **गार्ड फाईल, नियुक्ति कोषांग,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को संधारण हेतु।

07/05/24

कुलसचिव

6/5/24